# श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति

ग्राम शिवपुर–टिमरूआ, पोस्ट–हरदोई, विकास खण्ड–सैफई, जिला–इटावा (उ0प्र0)

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन रिपोर्ट वर्ष 2017–2018

आज दिनांक 01–04–2018 को स्वंय सेवी संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पूर्व माध्यमिक विद्यालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई तहसील सैफई जनपद इटावा (उ0प्र0) की एक महत्वपूर्ण बैठक संस्था कार्यालय पर संस्था अध्यक्षा श्रीमती किरन यादव की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 09 सदस्यों में से 7 सदस्यों ने भाग लिया, बैठक का कोरम पूरा रहा इस बैठक में सर्व सम्मति से अध्यक्षा महोदय की अनुमति से वर्ष 2017–2018 की वार्षिक रिपोर्ट का पूर्ण विवरण संस्था के प्रबंधक/मंत्री श्री रामनरेश आचार्य जी ने प्रस्तुत किया जो निम्न है–

1. **विश्व स्वास्थ्य दिवस पर गोष्ठी का आयोजन–** आज दिनांक 07 अप्रैल 2017 को संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति द्वारा नशा मुक्ति एवं पुर्नवास केन्द्र, इटावा के हॉल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में नशे को छोड़ने आये हुए रोगियों सहित समाज के बुद्धिजीवियों एवं गणमान व्यक्तियों ने भाग लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता संस्था के उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश जी एवं मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी श्री गोविन्द माधव शुक्ल जी रहे। मुख्य अतिथि जी ने केन्द्र में नशा मुक्त होने आये हुए मरीजों को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर हम कैसे अपना स्वास्थ्य उत्तम और अपने शरीर को कैसे पूर्णतया निरोग रख सकते है। इस विषय में विस्तृत जानकारी दे कर दृढ़ संकल्प कराया गया।

2. **डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती पर गोष्ठी का आयोजन–** संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति ने संस्था कार्यालय पर संविधान निर्माता डाॅ0 भीमराव अम्बेडकर जयन्ती को धूमधाम से मनाया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता इन्द्रधनुषी कवि नेम सिंह रमन जी ने की उन्होने कहा कि एम0ए0,पी0एच0डी0,एम0एस0सी0,डी0लिट जैसी कुल बत्तीस डिग्रियां अर्जित की डॉ भीमराव अम्बेडकर पूरे देश के लिये बहुमूल्य रत्न थे। मुख्य वक्ता डॉ0 गोविन्द माधव शुक्ला जी ने कहा कि सभी को स्वतंत्रता के बाद बराबर अधिकार प्राप्त है। ऊँच–नीच, छोटे–बड़े का भेदभाव का नाम नही होना चाहिए। हमारे देश के संविधान में समस्त अधिकार जो जनता के हित में हैं सुरक्षित किये है। बाबा साहब का भी यही उददेश्य था कि समाज में ऊँच–नीच की भावना जड से समाप्त हो जाये । हम सभी आज से संकल्प लें कि हम सब बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के बताये हुऐ रास्ते पर चलकर देश सेवा जनसेवा का पालन करते रहें। तभी हम बाबा साहब को सच्ची श्रद्वांजलि दे सकते है। आचार्य श्री रामनरेश जी ने बैठक के अंत में सभी मेहमानो का स्वागत अभिनन्दन बंदन करते हुऐ गोष्ठी समाप्ति की घोषणा की।

3. **प्रथ्वी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन–** 22 अप्रैल प्रथ्वी दिवस के अवसर पर संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति द्वारा संचालित विद्यालयों में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था के प्रबन्धक श्री राम नरेश आचार्य जी ने बच्चों को बताया कि स्वस्थ जीवन के लिये स्वच्छ वातावरण का होना बहुत ही आवश्यक है इसलिये हमें अपने आसपास के पर्यावरण को शुद्ध रखना होगा, पौधारोपण को बढ़ावा

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyan,
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai ...

देने से इस समस्या के निदान में मदद मिलेगी। प्रधानाचार्य श्री रमेश चन्द्र जी ने कहा कि आज दुनिया के सभी देश ग्लोबल वार्मिंग की समस्या के प्रति चिंतित हैं। अब समय आ गया है कि हम सभी को इस समस्या से निपटने के लिए सार्थक प्रयास किये जाये, हम सभी पेट्रोल, डीजल, और बिजली का कम से कम उपयोग करके हानिकारक गैसों के उत्सर्जन को कम कर सकते है, यदि हम दवा पानी को शुद्ध न रख पाये तो यह सब समाप्त हो जायेगा। इसके अलावा विद्यालयों मे पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं के बीच प्रथ्वी दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

4. <u>31 मई 2017 अन्तर्राष्ट्रीय विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी का आयोजन–</u> आज दिनॉक 31 मई 2017 अन्तर्राष्ट्रीय विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई– सैफई जनपद इटावा द्वारा संचालित एवं भारत सराकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति केन्द्र 110 पुरविया टोला, इटावा में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के कर्मचारी पदाधिकारियो एवं नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती मरीजो नें गोष्ठी में भाग लिया। इस अवसर पर नशामुक्ति केन्द्र में भर्ती मरीजो नें तम्बाकू सेवन न करने की शपथ ली । तथा दूसरो को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। केन्द्र के परियोजना निदेशक श्री दामोदर बाथम जी ने तम्बाकू से होने वाले दुष्प्रभावो को विस्तार से समझाया। गोष्ठी को समिति के प्रबंधक श्री रामनरेश आचार्य, डॉ0 सुरेश चन्द्र कुशवाह सामाजिक कार्यकत्री श्रीमती उमेंश वर्मा काउन्सलर, श्री राजेन्द्र सिंह यादव मनोवैज्ञानिक, श्री जयकिशोर जी सामाजिक कार्यकर्ता, श्री मोहन कुमार दीक्षित–वरिष्ठ कवि एवं रचनाकार ,हरिओम जी आदि लोगो ने सम्बोधित किया।

5. <u>विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन–</u> संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई– सैफई जनपद इटावा द्वारा 05 जून 2017 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था कार्यालय पर एक गोष्ठी का आयोजन संस्था अध्यक्षा श्रीमती किरन यादव की उपस्थिति में किया गया। जिसमें संस्था अध्यक्षा ने समिति के उपस्थिति सदस्यों के द्वारा पर्यावरण को दूषित होने से बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षों को लगाने व लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास करने के लिए कहा गया क्योंकि दिन प्रतिदिन हमारा पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है।

6. <u>26 जून 2017 अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस पर गोष्ठी का आयोजन–</u> आज दिनांक 26 जून 2017 को भारत सराकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ, पो0 हरदोई– सैफई, जनपद–इटावा द्वारा संचालित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति केन्द्र 110 पुरविया टोला, इटावा में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता केन्द्र के परियोजना निदेशक श्री दामोदर बाथम जी ने की। मुख्य अतिथि डा0 कादिर जी ने गोष्ठी में उपस्थिति जनसमूह एवं केन्द्र में भर्ती मरीजों को अवगत कराया कि आज सम्पूर्ण विश्व में नशा एक भयंकर रूप ले चुका है। पुरूषों के साथ साथ महिलायें एवं स्कूल में पढ़ने वाले विधार्थी भी इसमें लिप्त हो रहे है। हम सभी को आज अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोध दिवस के अवसर पर सभी लोग दृढ़ संकल्प करें कि जो नशा करते है वो कभी भी नशे का सेवन नही करेंगे और जो लोग नशा नहीं करते है वह लोग अपने आस–पास नशा करने वाले लोगों को नशे से होने वाली हानियों

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyam, Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai Distt.-Etawah (U.P.)

को बताकर जागरूक करें क्योंकि इस अभियान में सभी लोगों का सहयोग होगा तभी यह अभियान पूरा होगा।

7. **स्वच्छता पखवारा का आयोजन–** भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई– सैफई, जनपद–इटावा (उ0प्र0) की प्रबंध कमेंटी ने निर्णय लिया कि जैसा कि गत वर्षो से समिति द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया जाता रहा है। उसी तरह इस वर्ष भी वृक्षारोपण एवं स्वच्छता वृहत स्तर पर चलाये जाने हेतु कार्य करना है। उक्त निर्देशो के तहत प्रबंध कमेटी ने एक सप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रमो का आयोजन (16 जून 2017 से 30 जून 2017 तक) जनपद के विभिन्न स्थानों एवं ग्रामों में किया। जिसका विवरण तैयार कर भारत सरकार को प्रेषित किया गया।

8. **14 अक्टूबर 2017 को बेटी पढ़ाओ –बेटी बचाओ के दिवस पर गोष्ठी का आयोजन–** आज दिनॉक 14.10.2017 को बेटी बचाओ –बेटी पढ़ाओ के साप्ताहिक अभियान के अन्तर्गत हमारी संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति शिवपुर –टिमरूआ पो0–हरदोई तहसील– सैंफई जनपद– इटावा द्वारा संचालित विद्यालय श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज– टिमरूआ में एक गोष्ठी का आयोजन तथा छात्राओं द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोष्ठी के मुख्य अतिथि की भूमिका वास्ते संस्था की तरफ से शहर इटावा में संचालित विद्यालय बौद्ध विद्या मन्दिर –इण्टर कालेज के प्रबन्धक श्री राधेश्याम शाक्य जी को आमंत्रित किया गया । गोष्ठी की अध्यक्षता श्री रमेश चन्द्र जी यादव ने की। सर्व प्रथम संस्था के प्रबन्धक रामनरेश आचार्य जी ने तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य जी श्री रमेश चन्द्र शाक्य जी ने मुख्य अतिथि एवं आये हुये अन्य अतिथियों का बैंज एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया । तत्पश्चात बेटी बचाओ –बेटी पढ़ाओ प्रतियोगिता की शुरूआत की गयी छात्राओं द्वारा चार्ट पर स्लोगन व सुन्दर चित्र बनाये गये। प्रतियोगिता में छात्राओं ने चार्टों पर विभिन्न प्रकार के चित्र बनाकर बेटी बचाओ–बेटी पढाओं को समझाया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राधे श्याम शाक्य जी ने उपस्थिति सभी छात्राओं को महत्वपूर्ण टिप्स दिये जिसे जीवन में उतार कर छात्रायें अपना जीवन जीने की कला सीखने का काम कर सकती है और गोष्ठी में उपस्थिति अभिभावकों को बताया कि लड़कियों को लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं आँकना चाहिए क़्योंकि लड़कियाँ चाँद तक पहुँच चुकी है।

9. **सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन–** संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति शिवपुर –टिमरूआ पो0–हरदोई तहसील– सैंफई जनपद– इटावा द्वारा संचालित विद्यालयों में राष्ट्रीयों पर्वों के अवसर पर छात्र–छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यकमों का आयोजन किया गया।

10. **विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यकमों का आयोजन–** संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति शिवपुर –टिमरूआ पो0–हरदोई तहसील– सैंफई जनपद– इटावा द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया एवं फर्रुखाबाद में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा रैली निकालकर एवं शाम को कैडिंल मार्च के द्वारा लोगों को एड्स के प्रति जागरूक करने का कार्य किया गया।

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyam
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai Distt.-Etawah (U.P.)

11. <u>नशा मुक्ति जागरूता शिविर का आयोजन–</u> गत वर्षों की भाँति संस्था द्वारा जनपद इटावा में लगने वाले विकास प्रर्दशनी में नशा मुक्ति प्रचार प्रसार हेतु एक महीने का जागरूकता शिविर का आयोजन 03 दिसम्बर 2017 को किया गया। जिसका उद्घाटन जनपद इटावा की विदुषी, जिलाधिकारी महोदया सेल्वा कुमारी जे ने किया। इस अवसर पर जनपद के उपजिलाधिकारी महोदय श्री सिद्धार्थ जी, भरथना की विधायिका मा0 सावित्री कठेरिया एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण भी उपस्थित रहें। इस शिविर के द्वारा प्रर्दशनी को देखने आये हुए हजारों लोगों को पोस्टरों, पम्पलेट व बैनरों आदि के माध्यम से नशे के प्रति जागरूक किया गया।

12. <u>लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद फर्रूखाबाद को मूल्यांकन में ग्रेड 'ए'–</u> नाको द्वारा चयन की गयी मूल्यांकन समिति द्वारा जनपद फर्रूखाबाद में चलने वाली लक्षित हस्तक्षेप परियोजना का दिनांक 13 – 14 सितबंर 2017 को 2 दिवसीय मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन समिति में (श्री ब्रजभूषण गोयल, श्री दिनेश प्रजापति एवं श्री पवन चन्देल) के द्वारा परियोजना से सम्बन्धित समस्त प्रकार के अभिलेखों लोगों को दी जाने वाली सेवायें एवं लाभान्वित लोगों की गहंनता से जाँच कर अपनी रिपोर्ट शासन को प्रेषित की। रिपोर्ट के आधार पर उक्त परियोजना को उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ द्वारा 'ए' ग्रेड दिया गया।

13. <u>शिक्षण कक्ष का निर्माण–</u> संस्था द्वारा संचालित विद्यालय श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज टिमरूआ में क्षेत्रीय विधायक मा0 शिवपाल सिंह यादव जी ने अपनी विधायक निधि से विद्यालय को रू0 3,00,000 (तीन लाख रूपये मात्र) का अनुदान दिया गया। जिससे संस्था ने विद्यालय में 20 X 25 के शिक्षण कक्ष का निर्माण कराया गया।

14. <u>नशा मुक्ति केन्द्र का सफल संचालन–</u> श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई– सैफई जनपद इटावा द्वारा एवं भारत सराकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति केन्द्र 110 पुरविया टोला, इटावा का वर्ष 2017–18 में सफल संचालन किया गया जिसमें लगभग 276 नशे से ग्रस्त रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया जो आज पूर्णतः स्वस्थ जीवन जी रहे है।

15. <u>लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया का सफल संचालन–</u> उ0प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसायटी लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया का वर्ष 2017–18 में सफल संचालन किया गया जिसमें 300 फीमेल सेक्स वर्कर एवं 100 ट्रांसजेन्डर समुदाय को लाभ पहुँचाया गया।

16. <u>लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद फर्रूखाबाद का सफल संचालन–</u> उ0प्र0 राज्य एड्स नियन्त्रण सोसायटी लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय समिति द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद फर्रूखाबाद का वर्ष 2017–18 में सफल संचालन किया गया जिसमें 200 फीमेल सेक्स वर्कर एवं 200 इन्जेकशन से नशा करने वाले व्यक्तियों को संस्था द्वारा मिलने वाली सुविधाओं से लाभानवित किया गया।

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Medhyan,
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai Distt.-Etawah (U.P.)

17. <u>विद्यालयों का सफल संचालन–</u> श्रीमती कौशिल्या देवी पू0मा0 विधालय समिति शिवपुर टिमरूआ पो0 हरदोई, तहसील–सैफई, जनपद इटावा द्वारा श्रीमती कौशिल्या देवी बौद्ध विद्या मन्दिर, श्रीमती कौशिल्या देवी पू0 मा0 विद्यालय और श्रीमती कौशिल्या देवी बालिका इण्टर कालेज का वर्ष 2017–18 में सफल संचालन किया गया।

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyam
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai Distt.-Etawah (U.P.)

# आगामी वर्ष 2018–19 में संस्था द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम

समिति की अध्यक्षा श्रीमती किरन यादव एवं अन्य सदस्यों की एक बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लेकर आगामी वर्ष 2018–19 के लिये कार्यक्रमों को प्रस्तावित किया गया। जो निम्नलिखित है–

1– भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय शास्त्री भवन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू० मा० वि० समिति टिमरुआ इटावा द्वारा संचालित 30 विस्तरीय नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र, इटावा के संचालन हेतु वर्ष 2018–19 में अनुदान वास्ते आवेदन पत्र तैयार कर उ० प्र० शासन की संस्तुति कराकर भारत सरकार को समय से भिजवाने का प्रयास करेगी।

2– संस्था द्वारा संचालित नशा मुक्ति केन्द्र के अर्न्तगत सेंवा प्रदान करने हेतु नशा उन्मूलन जागरूकता वास्ते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर प्रचार प्रसार करेगी एवं ऐसे व्यक्ति को चिन्हित जो नशा करते है उनकों नशा छुडाने हेतु नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती कराने का प्रयास करेगी।

3– उ० प्र० राज्य एड्स नियन्त्रण सोसाइटी लखनऊ द्वारा प्रायोजित एवं संस्था श्रीमती कौशिल्या देवी पू० मा० वि० समिति टिमरुआ द्वारा संचालित लक्षित हस्तक्षेप परियोजना जनपद औरैया एवं फर्रुखाबाद के वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिये एग्रीमेण्ट बोण्ड भरने का कार्य करेगी।

4– संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में कौशल विकास योजनाओं को संचालित कर रोजगार प्राप्त करने वास्ते सिलाई, कढ़ाई, फर्नीचर, दरी, कम्प्यूटर आदि का प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी।

5– संस्था गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी एच0आई0वी0/एड्स की बढ़ती हुई समस्या से बचने एवं सावधानी हेतु प्रचार–प्रसार कर लोगों को जागरुक करने का कार्य करेगी।

6– संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र/छात्राओं एवं समस्त कार्यरत स्टाफ़ के सहयोग से गाँवों में, स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर ऐसे अभिभावकों को जागरुक करेगी जो अपने नौनिहालों का स्कूल नहीं भेजते हैं।

7– संस्था इस वर्ष बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओं के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का काम करेगी।

8– संस्था इस वर्ष पर्यावरण बचाओ कार्यक्रम के तहत ग्रामों में गोष्ठियाँ, रैली, प्रतियोगिता एवं वृक्ष वितरण कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करेगी।

9– संस्था इस वर्ष प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामों में बैठक रैली आदि के माध्यम से स्वच्छता आदि के प्रति लोगों को जागरुक करेगी।

10– संस्था जनहित में वे सभी कार्य–योजनाओं को क्रियान्वित करने की कोशिश करेगी जो समाज के लिये जरूरी हैं।

इस प्रकार वर्ष 2017–18 का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन सर्व सम्मति से उपस्थित सदस्यों के समक्ष अध्यक्षा महोदया की अनुमति से पारित हुआ।

Manager
Smt. Kaushilya Devi Poorva Madhyam
Vidhyalaya Samit, Vill-Shivpur Timarua
P.O.-Hardoi Saifai Distt.-Etawah (U.P.)